आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 23.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगें

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – स्थानीय और विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी से राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनां

- प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तेज बरसात का सिलसिला जारी–भीलवाडा और चित्तौडगढ में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट–वही 9 जिलों में ऑरेंज अलर्टं

- दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज–युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने के लिये अंतरिक्ष विभाग की ओर से एक महीने तक होंगे विभिन्न कार्यक्रमं

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगें केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले वर्ष नवंबर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को केंद्रीय योजना के रूप में मंजूरी दी थीं मिशन का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करना और किसानों की लागत को कम करके जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना हैं गौरतलब है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले सप्ताह राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस संबंध में घोषणा की थीं

......

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने और विमान के इंजन के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा हैं उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर देश में इंजन निर्माण का काम शुरू होने जा रहा हैं नई दिल्ली में कल एक कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा दिया जा रहा हैं इसके लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस की शुरुआत की गई थीं इसके साथ ही घरेलू कंपनियों के लिए उपयुक्त माहौल बनाकर एक मजबूत प्रणाली बनायी जा रही हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड–एच.ए.एल. को 66 हजार करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस लड़ाकू विमान बनाने के एक नए ऑर्डर को मंजूरी दी हैं

.....

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय और विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी से राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन रहा हैं श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कहीं उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगें उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में सैलानियों की संख्या में बढोतरी के लिए ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों की कार्ययोजना बनाने को कहां साथ ही राजकीय संग्रहालयों का विकास और संरक्षण करने, पैनोरमा निर्माण कार्य, बावड़ी जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिएं

0000

राजस्व अदालतों में राज्य सरकार की पैरवी करने वाले सरकारी अधिवक्ताओं की रिटेनरशिप फीस बढायी जायेगीं राजस्व विभाग ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं बढ़ी हुई फीस 1 सितम्बर से प्रभावी होगीं विभाग के शासन उप सचिव हरिसिंह मीना ने बताया कि राजस्व मंडल अजमेर में सरकार की पैरवी करने वाले स्टेट एडवोकेट को 11 हजार 250 रुपये, एडिशनल स्टेट एडवोकेट को 10 हजार 200 रुपये और डिप्टी स्टेट एडवोकेट को 9 हजार रुपये मासिक रिटेनरशिप मिलेगीं वहीं सभी सम्भागीय आयुक्त और अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त कोर्ट में पैरवी करने वाले राजकीय अधिवक्ता को 6 हजार रूपये मिलेंगें

0000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी हैं मौसम विभाग ने आज भीलवाडा और चित्तौडगढ जिले के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं यहां भारी बारिश हो सकती हैं वहीं बांसवाडा, बूंदी, डूंगरपुर, कोटा, राजसमंद सिरोही, उदयपुर, जालौर और पाली के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट हैं बीकानेर और जैसलमेर जिले को छोडकर बाकी सभी जिलों में येलो अलर्ट हैं इन स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात की संभावना हैं इस बीच राजधानी जयपुर में सुबह से ही बरसात हो रही हैं नागौर में झमाझम बरसात जारी हैं कोटपूतली–बहरोड़ में रिमझिम बरसात के समाचार हैं बरसात से करौली के पांचना बांध में लगातार पानी की आवक बनी हुई हैं बांध के चार गेट खोलकर गम्भीरी नदी में पानी छोडा जा रहा हैं कोटा में तेज बरसात से लगभग सभी नदियां उफान पर हैं बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई हैं जिला प्रशासन ने सेना और एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा कियां उन्होंने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिएं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भी इन क्षेत्रों का दौरा कर अतिवृष्टि पीढित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पंहुचाने को कहां वहीं सवाईमाधोपुर में राहत और बचाव कार्य देर रात तक जारी रहें सूरवाल बांध पर दो लोगों को बचा लिया गया हैं वहीं एक लापता व्यक्ति की तलाश आज की जायेगीं जिला कलेक्टर कानाराम ने लोगों से बारिश के दौरान एहतियात बरतने तथा जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की हैं

.....

बारां में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर सुबह तक जारी हैं इससे शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया हैं और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

....

उधर पाली के नाना क्षेत्र में बिजली गिरने से एक पशुपालक सहित उसकी दस भेडों की मृत्यु हो गईं इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारी बारिश के कारण बने हालात पर राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए हैं उन्होंने स्थिति पर गम्भीर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं श्री शर्मा ने टोंक, कोटा, सवाईमाधोपुर, बूंदी और दौसा ज़िला कलेक्टरों से फोन पर बात कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा कीं इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से प्रभावित फसलों के नुक़सान पर तुरंत विशेष गिरदावरी कराने के निर्देश दिए हैं

0000

दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज मनाया जा रहा हैं यह दिन 23 अगस्त 2023 में चन्द्रयान–तीन मिशन के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाने और प्रज्ञान रोवर को चन्द्रमा पर ले जाने की याद में मनाया जाता हैं चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव के पास पहुंचना भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे भारत चन्द्रमा की सतह पर लैंड करने वाला चौथा तथा दक्षिण ध्रुव के पास पहुंचने वाला पहला देश बना हैं इस वर्ष के राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का विषय है–आर्यभट्ट से गगनयान : प्राचीन ज्ञान से अनन्त सम्भावनाएं अंतरिक्ष दिवस के सिलसिले में अंतरिक्ष विभाग पूरे महीने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगा और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और उसके अनुप्रयोगों से जोड़ने के लिये प्रेरित करेगां राष्ट्रीय भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला भी इस महीने उदयपुर, माउंट आबू और अहमदाबाद, परिसरों के माध्यम से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आयोजित करेगीं

0000